2016 / 00145 (9)

मुन्सी / ग्रा० पंचायत निधेरा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर अहकाम हुक्म की में जारी हुआ
17-7-18	पत्रावली पेश। बहील उभयपक्ष उप०। दोनों ही अभिभाषकगण द्वारा निवेदन किया कि पक्षकारों के मध्य राजीनामा हो चुका है। सभी अपीलांट की ओर से अपील को खारिज कराने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है तथा अपीलांट श्रीमान जी के समक्ष उपस्थित भी हो चुकी है। अपील को इसी स्तर पर खारिज किया जावे। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। अपीलांट द्वारा इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि अपीलार्थी के भाई रामबाबू के नाम जो नामा० हुआ है वह वैध व उचित है। जिससे अपीलार्थी को कोई आपत्ति नहीं है। रामबाबू ने अपील में विवादित आराजी का जो विक्रय पत्र प्रत्यर्थीगण के नाम किया है वह वैध है तथा हस्तान्तरण पर प्रार्थीगण / अपीलार्थीगण को कोई आपत्ति नहीं है। आराजी पर कब्जा / प्रत्यर्थीगण का ही कब्जा है तथा वही काश्त कर रहे हैं। प्रार्थीगण का कोई हित व सरोकार विवादित आराजी में निहित नहीं है न कभी रहेगा। प्रार्थीगण अपनी अपील को आगे नहीं चलाना चाहते हैं तथा प्रार्थीगण की अपील को इसी स्तर पर खारिज की जावे। रेस्पो० ने अपील खारिज किये जाने में अनापत्ति जाहिर की है। अतः अपीलार्थी के प्रार्थना पत्र पर अपील अपीलांट इसी स्तर पर खारिज की जाती है। पत्रावली लेसल कायम होकर दाखिल दफ्तर हो।

सहायक कलक्टर